उत्तर प्रदेश शासन
नगर विकास अनुभाग-4
संख्या-400एम/नौ-4-14-23टी0एस0/2012
लखनऊ दिनांक 11 नवम्बर, 2014
कार्यालय-ज्ञाप

उत्तर प्रदेश पालिका (केन्द्रीयित) राजस्व सेवा की श्रीमती शैली गुप्ता, अधीक्षक, नगर पालिका परिषद, आजमगढ़ को शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या-176/नौ-4-13-23टी0एस0/12 दिनांक-14-03-2013 द्वारा नगर पालिका परिषद, खुर्जा (बुलन्दशहर) के लिये किये गये स्थानान्तरण को उनके निजी अनुरोध पर व्यावर्तित करते हुए उन्हें तात्कालिक प्रभाव से नगर निगम, बरेली में अधीक्षक के पद पर तैनात किया जाता है ।

2- श्रीमती शैली गुप्ता अपनी नवीन तैनाती के स्थान पर एक सप्ताह के अन्दर कार्यभार ग्रहण करते हुए कार्यभार ग्रहण करने की सूचना शासन/निदेशक, नगर निकाय निदेशालय को अविलम्ब उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करेंगे । संबंधित प्राधिकारी द्वारा श्रीमती शैली गुप्ता को तत्काल कार्यमुक्त कर दिया जाय। आदेशों की अवहेलना अनुशासनहीनता मानी जायेगी, जिसके लिए संबंधित के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही की जायेगी।

श्रीप्रकाश सिंह
सचिव ।

संख्या-400एम/नौ-4-14-23टी0एस0/2012 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित: -

1- निदेशक, नगर निकाय निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।
2- जिलाधिकारी, आजमगढ़/बुलन्दशहर ।
3- नगर आयुक्त, नगर निगम, बरेली।
4- अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, आजमगढ़/ खुर्जा(बुलन्दशहर) ।
5- संबधित अधीक्षक।
6- गार्ड फाइल ।

आज्ञा से,

(उमाशंकर सिंह)
उप सचिव ।

http://shasanadesh.up.nic.in